आइआइएम. महात्मा गांधी नेशनल फेलो संकल्प के तहत स्किल कॉन्क्लेव हुआ

कौशल प्रशिक्षण से ही होगा रोजगार सृजन

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में सोमवार को महात्मा गांधी नेशनल फेलोशिप (एमजीएनएफ) संकल्प की ओर से स्किल कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ. वक्ता सह विशेषज्ञ कौशल विकास वैभव डांगे ने कहा कि एमजीएनएफ की टीम को प्रत्येक राज्य के कौशल प्रशिक्षण की संभावनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है. हर राज्य की भौगोलिक स्थिति और जरूरतें अलग हैं. स्थानीय जरूरतें जब तक चिह्नित नहीं होंगी, लोगों को कौशल प्रशिक्षण का लाभ नहीं मिलेगा. उन्होंने कौशल प्रशिक्षण को रोजगार सृजन का सटीक माध्यम बताते हुए इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने की बात कही. उन्होंने शोधार्थियों को स्थानीय लोगों की क्षमता और कौशल की जरूरत को देखते हुए कोर्स प्लान तैयार करने पर अपने विचार दिये. इसके आधार पर जिला प्रशासन को स्किल कोर्स के क्रियान्वयन की पहल करने की बात कही.

स्किल कॉन्क्लेव में शामिल विशेषज्ञ और विद्यार्थी.

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 को दिया जा रहा बढ़ावा : खूंटी डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के तहत पहल की जा रही है. जिससे प्रशिक्षुओं की ग्रहणशक्ति और विद्वता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. खूंटी में कृषि और पर्यटन की संभावनाएं ज्यादा है. ऐसे में क्षेत्र के लोगों को पर्यटन की जरूरत को देखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इसके अलावा इंटीग्रेटेड फार्मिंग की संभावनाओं के प्रति लोगों को सब्जी और फल की खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके निश्चित परिणाम भी दिखायी दे रहे हैं. शशि रंजन ने समय की मांग को देखते हुए सोलर ट्रेनिंग, ड्रोन ट्रेनिंग और इलाके में जलस्तर की संभावनाओं को देखते हुए बायो फ्लोक प्रशिक्षण पर जोर दिया.

कोडरमा डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि वर्तमान में जिले में स्थापित 20 कंप्यूटर सेंटर के जरिये युवा हिंदी टाइपिंग और कंप्यूटर आधारित स्किल कोर्स सीख रहे हैं. इससे युवाओं को रोजगार मिल रहा है. साथ ही जिले में 'एक जिला एक उत्पाद' को लागू किया गया है, इसके तहत 150 गांव को चिह्नित कर नींबू की खेती की जा रही है. मार्च माह तक जिले को राज्य का पहला पूर्ण शिक्षित जिला बनाने की तैयारी है. वहीं, आइएएस नितिन मदन कुलकर्णी ने क्वालिटी स्किल को बढ़ावा देने की बात कही. साथ ही जरूरत अनुरूप कौशल प्रशिक्षण हासिल कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने की बात कही. मौके पर आइआइएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 10.01.2023, Pg. 09